# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–19 नवम्बर 2024 सान्ध्य समाचार

प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव के लिए प्रचार का दौर थम चुका है। कल यानी 20 नवंबर को इन सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे। इसके लिए आज पोलिंग पार्टियां कड़ी सुरक्षा के बीच रवाना हुई। प्रदेश के मीरापुर, कुंदरकी, गाजियाबाद, करहल, सीसामऊ, फूलपुर, कटेहरी खैर तथा मझवां विधानसभा क्षेत्र के मतदाता कल अपना फैसला मतपेटी में बंद करेंगे। चुनाव आयोग के अनुसार मतदान की प्रक्रिया सुबह 7 बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे तक चलेगी। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल एक हजार नौ सौ सत्रह मतदान केंद्र और तीन हजार सात सौ अट्ठारह मतदेय स्थल बनाए गए हैं। शांतिपूर्ण मतदान के लिए चुनाव आयोग ने 9 सामान्य प्रेक्षक, 5 पुलिस प्रेक्षक और 9 व्यय प्रेक्षक तैनात किए हैं। मतदान के लिए मतदाता फोटो पहचान पत्र के अलावा 12 अन्य पहचान पत्र भी मान्य होंगे। मतदान से संबंधित कोई भी शिकायत एक आठ शून्य शून्य एक आठ शून्य एक नौ पांच शून्य पर दर्ज कराई जा सकती है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर आयोजित बैठक में कुकरैल नाइट सफारी पार्क एवं वन्य जीव केन्द्र की योजना के सम्बन्ध में समीक्षा की। श्री योगी ने कहा कि इनका निर्माण कार्य हर हाल में जून, 2026 तक पूरा कर लिया जाए। नाइट सफारी तथा चिड़ियाघर के लिए वन्य जीवों के लाने की समुचित व्यवस्था प्रारंभ कर दी जाए। नाइट सफारी और चिड़ियाघर की आर्थिक व्यवस्था के लिए सस्टेनेबल मॉडल विकसित करने के साथ ही सौर ऊर्जा के प्रकल्पों को भी स्थान दिया जाए। श्री योगी ने कहा कि नाइट सफारी प्रोजेक्ट राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना है। इसके निर्माण के लिए केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, नई दिल्ली से अनुमति प्राप्त हो गई है। वहीं एक अन्य बैठक में मुख्यमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा, सरदार पटेल की जयंती और अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्मशताब्दी वर्ष और आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने, तथा संविधान दिवस पर वर्ष भर विविध कार्यक्रमों के आयोजन हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है।

**********

केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने आज विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर तीन सप्ताह तक चलने वाले **हमारा शौचालय हमारा सम्मान** अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छता के बुनियादी ढांचे में सुधार, व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देना और देश भर में शौचालयों की कार्यक्षमता तथा रखरखाव को बढ़ाकर सामुदायिक गौरव को मजबूत करना है। अभियान के दौरान नागरिकों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपनी स्वच्छता सफलता की कहानियां साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसका समापन अगले महीने 10 दिसम्बर को होगा। इसी क्रम में विश्व शौचालय दिवस पर आज लखनऊ में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री तोखम साहू ने किया। इस अवसर पर स्वच्छता को लेकर दो एमओयू भी हस्ताक्षरित हुआ। कार्यशाला में प्रदेश सरकार के मंत्री एके शर्मा और भारत में यूएस के अम्बेसडर एरिक गार्सेटी भी मौजूद रहे। कुशीनगर में भी विश्व शौचालय दिवस पर जिला पंचायत विभाग की ओर से 10 दिसंबर तक चलाए जाने वाले जागरूकता कार्यक्रमों का आज शुभारंभ हुआ।

**********

माध्यमिक शिक्षा परिषद– यूपी बोर्ड की वर्ष 2024–25 में होने वाली हाईस्कूल और इण्टरमीडिए की बोर्ड परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। यह परीक्षाएं 24 फरवरी से शुरू होकर, 12 मार्च तक चलेंगी। परिषद के अनुसार दो पालियों में परीक्षा का आयोजन होगा। पहली पाली की परीक्षा सुबह साढ़े आठ बजे से शुरू होकर ग्यारह बजकर पैंतालीस मिनट तक चलेगी और दूसरी पाली दोपहर दो बजे से शाम पांच बजकर पंद्रह मिनट तक चलेगी। 24 फरवरी को पहली पाली में हाईस्कूल के हिंदी और इंटर के सैन्य विज्ञान विषय की परीक्षा होगी। दूसरी पाली में हाईस्कूल के हेल्थ केयर और इंटर के हिंदी विषय की परीक्षा होगी। बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि नकल विहीन परीक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए है।

**********

गोरखपुर के वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में चल रही 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयीय कुश्ती प्रतियोगिता के विभिन्न भार वर्गों के महिला एवं पुरुष खिलाडियों ने अपना दमखम दिखाया। प्रतियोगिता के चौथे दिन आज हरियाणा ने सर्वाधिक पदक जीत कर शीर्ष स्थान पर अपना कब्जा बनाये रखा है। आज की कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ अर्जुन अवार्ड पहलवान पन्नेलाल यादव द्वारा खिलाड़ियों का हाथ मिलवाकर किया गया। 50 किलोग्राम भार वर्ग बालिका कुश्ती के फाइनल में दिल्ली की धनिका ने उत्तराखंड की अंशिका को पटखनी देते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। 62 किलोग्राम भार वर्ग बालक कुश्ती प्रतियोगिता का फाइनल में उत्तराखंड के शुभ ने हरियाणा के हितेश को आसमान दिखाकर जीत हासिल की।

**********

मिशन शक्ति के अपांचवें चरण में महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए आज कुशीनगर के जिलाधिकारी ने महाविद्यालयों और विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान और स्वालंबन के लिए नियमित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए।

**********